प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय बैडमिंटन, टेबिल–टेनिस एवं प्रोफेशनल क्विज प्रतियोगिता आयोजित

पंतनगर। 31 अक्टूबर 2022। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में तीन–दिवसीय अखिल भारतीय बैडमिंटन, टेबिल–टेनिस एवं प्रोफेशनल क्विज कम्पटीशन आज से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति एवं कुलसचिव, डा. ए. के. शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. ए.के. शुक्ला ने प्रतिभागियों से स्पोर्टमैन सिप की भावना से प्रतिभाग करने की बात कही। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रान्तों से 17 टीमों के 332 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता प्रत्येक प्रतिस्पर्धा के क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल तथा फाइनल खेले जायेंगे।

अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, डा. नरेन्द्र सिंह जादौंन ने सभी प्रतिभागियों तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों, विभिन्न संस्थानों से आये टीम मैनेजर तथा कार्मिकों का स्वागत करते हुए सभी प्रतिभागियों को अपनी तथा फैकल्टी की ओर से सभी सम्भव सहायता करने का आश्वासन दिया तथा शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम समन्वयक, डा. शिव प्रसाद ने कार्यक्रम की रूप–रेखा बतायी। उप–समन्वयक डा. राजीव रंजन कुमार तथा विभिन्न फार्मास्यूकिल कम्पनियों जैसे मै. जाइडस एनीमल ऐल्थ, वेर्ल्काज वीरबैंक, मैनकांइन्ड, माइक्रोलैब, थिन्ड वेट्स, इन्टास आदि की बढ़–चढ़ कर प्रशंसा की। पशुचिकित्सा महाविद्यालय टीम के कैप्टन विनोद गरजौला ने सभी टीमों के कैप्टनों को खेल की भावना से शपथ दिलायी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठातागण, निदेशकगण तथा शारीरिक शिक्षा के सभी अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मिस शिमरन जीत एवं मिस मान्सी खुल्वे ने किया।

कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते कार्यवाहक कुलपति, डा. ए.के. शुक्ला।